## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवको के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


## अभियान : फोर्स ने नगर पंचायत बेरला, साजा और खम्हरिया क्षेत्रों में अभियान चलाया

# घुसपैठियों पर सख्ती, 533 किराएदारों की जांच देवरबीजा सरपंच-कोटवारों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिले में पुलिस की ओर से अवैध अप्रवासी, साइबर क्राइम, ठगी और नशे के खिलाफ व्यापक जागरूकता और जांच अभियान चलाया जा रहा है। एक ओर जहां जिले के 303 मकानों में रह रहे 533 किरायेदारों की गहन जांच की गई, वहीं दूसरी ओर देवरबीजा पुलिस चौकी में ग्राम सरपंचों और कोटवारों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर उन्हें कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा और सामुदायिक पुलिसिंग के प्रति जागरूक किया गया।

■ ठगी और संदिग्ध फेरीवालों की पुलिस को फौरन जानकारी दें

**एसटीएफ का किरायेदार सत्यापन अभियान, अवैध बांग्लादेशी व रोहिंग्या पर विशेष नजर-** जिले में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान और रोकथाम के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया गया है। 21 जून को फोर्स द्वारा नगर पंचायत बेरला, साजा और खम्हरिया क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इस दौरान 303 मकानों में रह रहे कुल 533 किरायेदारों और मुसाफिरों के दस्तावेजों की जांच की गई। सत्यापन कार्यवाही के लिए समाधान ऐप का उपयोग किया गया, जिसमें मकान मालिकों को किरायेदारों की जानकारी दर्ज करानी अनिवार्य की गई है।

एसएसपी श्री साहू ने स्पष्ट किया कि कोई भी मकान मालिक किसी को किराए पर देने से पूर्व स्थानीय थाने में इसकी सूचना अनिवार्य रूप से दें। यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत हो या वह किसी बाहरी राज्य व देश का निवासी हो, तो इसकी जानकारी टोल फ्री नंबर 18002331905 पर तत्काल दें।

**सरपंच-कोटवारों को मिली अहम जिम्मेदारी-** 22 जून को पुलिस चौकी देवरबीजा में चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर, प्रधान आरक्षक नंदलाल चतुर्वेदी एवं स्टाफ द्वारा देवरबीजा क्षेत्र के ▸▸ शेष पेज 13 पर





### नशा मुक्ति, साइबर ठगी और यातायात नियमों की दी जानकारी

बैठक में नशा मुक्ति को लेकर विशेष रूप से जानकारी दी गई कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी नुकसान पहुंचाता है। उपस्थित सरपंचों और कोटवारों से अपील की गई कि वे नशा न करने का संकल्प लें और गांवों में इसके खिलाफ अभियान चलाएं। साथ ही, साइबर अपराधों, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, बैंक खातों से पैसे गायब होने जैसी घटनाओं से बचाव के उपाय भी साझा किए गए। यातायात नियमों में पीकअप व मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाने, हेलमेट अनिवार्यता एवं सड़क सुरक्षा के नियमों पर भी चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम पिंकी ने स्कूल और बसस्टैंड का किया निरीक्षण



**साजा।** शहर की मूल समस्याओं से अवगत होने एसडीएम पिंकी मनहर ने शहर का भ्रमण किया शहर की व्यवस्था देखी स्कूलों का भी निरीक्षण किया नया बस स्टैंड भी गयी शहर की साफ सफाई के साथ सड़कों पर अतिक्रमण को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए वार्ड नंबर 1 में शौचालय के सौंदरीकरण को भी देखकर सराहना की भ्रमण के दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्य जीत सिंह तहसीलदार मानकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा सहित सरकारी अमला भी उपस्थित रहा।

### सहसपुर में जिला स्तरीय समाधान शिविर आज



**साजा।** 23 जून को ग्राम पंचायत सहसपुर मे जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन होना है इसके तैयारी का जायजा लेने साजा एसडीएम पिंकी मनहर पहुंची शिविर के आयोजन को लेकर अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दरमियान तहसीलदार देवकर बी तबोली जनपद सी ई ओ कंवर पटवारी पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी ग्राम सचिव सरपंच उपस्थित रहे।

### गुरु हरिकिशन प्रकाश पर्व पर सिख समाज ने लगाए 51 पौधे



**बेमेतरा।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय संस्था सहयोग द्वारा रविवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल, कचहरी रोड बेमेतरा में 51 कोनोकार्पस के पौधों का रोपण किया गया। यह कार्यक्रम सिक्ख समाज के साप्ताहिक धार्मिक आयोजन एवं गुरु हरिकिशन के प्रकाश पर्व की स्मृति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिक्ख समाज के पुरुष व महिला संगत, सहयोग के सदस्य, स्कूल प्रबंधन, छात्राएं एवं नागरिकों ने सहभागिता की। पौधारोपण में आने वाला संपूर्ण व्यय सिक्ख समाज द्वारा वहन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि जल्द ही सहयोग संस्था के साथ मिलकर नगर में 10 एकड़ का ग्रीन ज़ोन विकसित किया जाएगा। समूह सिक्ख समाज बेमेतरा के अध्यक्ष सरदार गुरुदयाल सिंह चावला ने गुरु हरिकिशन के जीवन पर प्रकाश डाला। सिक्ख महिला समूह अध्यक्ष सरदारनी लक्ष्मी कौर सलूजा, प्राचार्य कविता बाचपेई, सीएमओ कोमल सिंह ठाकुर, ब्रहमाकुमारी शशि बहन, डॉ. सुभाष चौबे सहित कई अतिथि मंचस्थ रहे। कार्यक्रम के अंत में सरदार मंजीत सिंह सलूजा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## युक्तियुक्तकरण के विरोध में 25 को डीईओ कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रस्तावित डीईओ कार्यालय घेराव कार्यक्रम की तिथि में बदलाव किया गया है। यह निर्णय प्रदेश कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक के चलते लिया गया है, जो 23 जून को राजीव भवन बेमेतरा में आयोजित होगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि अब घेराव कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया जाएगा। इस दिन दोपहर 12 बजे जिला कार्यकारिणी की बैठक होगी, जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे एवं जिलाध्यक्ष छाबड़ा उपस्थित रहेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। घेराव कार्यक्रम का उद्देश्य युक्तियुक्तकरण को लेकर आवाज़ बुलंद करना है। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस (जिला, ब्लॉक व शहर इकाई), सेवा दल, किसान कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, अनुसूचित जाति-जनजाति विभाग, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, मोर्चा संगठन सहित कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, पार्षद, पूर्व पार्षद और गणमान्य नागरिकों की भारी संख्या में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

■ आंदोलन में पूर्व मंत्री चौबे और कांग्रेस जिला अध्यक्ष छाबड़ा होंगे शामिल

### धरती आबा शिविर अब 24 -25 जून को बोईकछरा में

**बेमेतरा/नवागढ़।** नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम बोईकछरा में प्रस्तावित धरती आबा शिविर की तिथि में बदलाव किया गया है। पहले यह शिविर 23-24 जून को आयोजित होना था, लेकिन अब यह 24 और 25 जून को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला आदिम जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त अभिषेक जायसवाल ने दी। धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत बेमेतरा जिले में 15 जून से 30 जून तक जागरूकता और लाभ वितरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान केंद्र सरकार द्वारा विशेष रूप से आदिवासी बहुल क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। बेमेतरा जिले में चार आदिवासी बहुल ग्रामों—झालम (बेमेतरा), बुड़ेरा और कोरवाय (साजा), तथा बोईकछरा (नवागढ़)—को चिन्हित किया गया है, जहां दो दिवसीय शिविर लगाए जा रहे हैं। ग्राम झालम से इस अभियान की शुरुआत 16-17 जून को हो चुकी है, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और एक ही स्थान पर शासकीय योजनाओं से जुड़ी विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया।

## जिले में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी द्रुत गति से जारी



**बेमेतरा।** भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की घोषणा के बाद बेमेतरा जिले में तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। यह सर्वेक्षण जून के अंतिम सप्ताह से 15 अगस्त तक चलेगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सेवाओं का मूल्यांकन करना है।

सर्वेक्षण के चार मुख्य आधार होंगे—सेवा स्तरीय प्रगति, गांव का प्रत्यक्ष अवलोकन, स्थापित यूनिट्स का निरीक्षण और नागरिकों से प्राप्त फीडबैक। इस राष्ट्रीय स्तर के आकलन के लिए एएमएस लखनऊ को स्वतंत्र एजेंसी के रूप में चयनित किया गया है।

20 जून को कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर सर्वेक्षण की रूपरेखा स्पष्ट की। उन्होंने ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार, दीवार लेखन और नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे एसबीएमएसएसजी 2025 मोबाइल ऐप डाउनलोड कर स्वच्छता सर्वेक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपना फीडबैक अवश्य दें।

### प्रयास विद्यालय में प्रवेश की संशोधित मेरिट सूची जारी

**बेमेतरा।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए जारी चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची में आंशिक संशोधन किया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग बेमेतरा ने बताया कि संशोधित सूची विभागीय पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। विद्यार्थियों और अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे पोर्टल पर जाकर अद्यतन सूची अवश्य देखें। काउंसलिंग की तिथियों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही काउंसलिंग रायपुर स्थित प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, गुढ़ियारी में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालकों की काउंसलिंग 23 जून को तथा बालिकाओं की 24 जून को होगी। अनुसूचित जाति वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के लिए 25 जून, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 26 जून तथा सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के लिए काउंसलिंग 27 जून को निर्धारित है। मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

## राम जानकी मंदिर नवागढ़ में पहली बार होगा भव्य चौंसठ महंत उत्सव

### मंदिरों में वितरित होंगी हनुमान चालीसा की पुस्तकें : महंत हेमंत दास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा/नवागढ़

राम जानकी मंदिर नवागढ़ में पहली बार चौंसठ महंत उत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन की जानकारी अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सौरभ निर्वाणी, अयोध्या चौकीघड़ी से पधारे महंत हेमंत दास, स्थानीय महंत सुरेंद्र दास और अमित जैन ने संयुक्त बैठक में दी।

डॉ. निर्वाणी ने बताया कि यह उत्सव सनातन परंपरा के महंतों को एक मंच पर लाकर सम्मान, समर्पण और सेवा के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह परंपरा अब विलुप्ति की कगार पर है, जिसे पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। चौंसठ महंत उत्सव में प्रमुख महंतों का पुष्पवर्षा, वैदिक मंगलवाद्य, शंखध्वनि और आरती के माध्यम से स्वागत किया जाएगा। परंपरागत अखाड़ा ध्वज, गदा, श्रीफल और चंदन पट्टी से उनका अभिनंदन किया जाएगा। संतों का नगर में भव्य शोभायात्रा के रूप में प्रवेश होगा, जिसमें स्थानीय भजन मंडली और श्रद्धालु नगरवासी भाग लेंगे।



**हनुमान चालीसा का शुद्ध उच्चारण करें-** महंत हेमंत दास ने जानकारी दी कि पूजा-आरती के समय श्रद्धालु हनुमान चालीसा का स्पष्ट उच्चारण करें, इसके लिए बेमेतरा, साजा, नवागढ़, थानखम्हरिया और देवकर क्षेत्र के प्रमुख रामजानकी व हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा की पुस्तिकाएं निःशुल्क वितरित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में एक करोड़ हनुमान चालीसा पुस्तिकाएं वितरित करने का उनका संकल्प है, जिसे कई सनातन धर्मावलंबी इस कार्य हेतु पुस्तकें छपवाकर भेंट कर रहे हैं। महंत सुरेंद्र दास ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के विचारों के आदान-प्रदान और समाज में प्रवाह बनाए रखने हेतु एक संवाद मंच होगा। साथ ही धर्म स्तंभ कौंसिल द्वारा उन लोगों के खिलाफ अभियान शुरू किया जाएगा, जो मठ-मंदिरों की जमीनों पर कब्जा कर निजी अथवा व्यावसायिक उपयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम राजश्री महंत रामसुंदर दास और महंत नरेंद्र दास के आतिथ्य में संपन्न होगा।

### रानो शाला की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने दिया मनावता का परिचय

# पिता की स्मृति में नवाचारी शिक्षिका ने ली तीन बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

साजा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने अपने पिता स्व. मोतीचंद संचेती की स्मृति में मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत पहल करते हुए तीन जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाई है। उन्होंने सत्र 2025-26 के लिए दो विद्यार्थियों — देवपीका साहू और नीलेश वर्मा — की बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई का संकल्प लिया है।

इससे पूर्व सत्र में, विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर शिक्षिका ने केसर वर्मा की शिक्षा की जिम्मेदारी ली थी, जिसके पिता की मृत्यु कैंसर से हुई थी। केसर एक मेधावी छात्रा है, और उसका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। वहीं, देवपीका साहू पढ़ाई में अत्यंत प्रतिभाशाली है तथा विद्यालय की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। नीलेश वर्मा इस वर्ष नवप्रवेशी छात्र है, जिसके पिता का निधन कोरोना काल के दौरान हो गया था।



**संपूर्ण पाठ्य सामग्री भेंट की-** बैग, कॉपी, जिल्द, कंपास, पेन और पानी की बॉटल भेंट की। यह पहल उन्होंने अपने पिता, डौंडी लोहारा (जिला बालोद) के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं समाजसेवी स्व. मोतीचंद संचेती की याद में की, जिनका निधन शंकरा रिसर्च एंड रिसर्च सेंटर दुर्ग में हुआ था। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य द्वारिका राम वर्मा, प्रधान पाठक किशुन राम साहू, स्टाफ सदस्य शंकर वर्मा, प्रेमनारायण साहू सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शिक्षिका के इस मानवीय प्रयास से विद्यालय एवं ग्राम में खुशी का वातावरण है। बच्चों के पालकों ने शिक्षिका को आशीर्वाद देते हुए उनका आभार जताया। प्रतीक जैन की इस पहल की हर ओर प्रशंसा हो रही है।

## संडी में वन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**बेमेतरा/बेरला।** ग्राम सण्डी के शासकीय स्कूल परिसर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ रही। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योग अभ्यास से हुई, जिसमें स्कूली बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शिक्षक ओमनारायण साहू ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा है, जो तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने में सहायक है। उन्होंने बताया कि ऋषि-मुनियों द्वारा विकसित यह विद्या आज पूरी दुनिया को एक स्वस्थ जीवनशैली की राह दिखा रही है। इस मौके पर ग्राम पंचायत सण्डी के सरपंच सेवाराम साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जनकराम मिर्झा, सचिव राजकुमार साहू सहित संजीव तिवारी, लीलाराम साहू, उत्तम साहू, रविकुमार साहू, आशीष साहू, शिक्षक वीरेन्द्र कुमार सिन्हा, लोकेश साहू, नीलेश वर्मा, रामस्वरूप साहू, राधेश्याम ईशदा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

